## खनन टास्क फोर्स की बैठक, अवैध खनन और परिचालन पर सख्ती बरतने का निर्देश



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक डीसी नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपायुक्त ने टास्क फोर्स की पिछली बैठक में दिये गये निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की। विभिन्न संचार माध्यमों से प्राप्त अवैध बालू के उठाव तथा परिचालन की सूचना पर उपायुक्त ने पुलिस और प्रखंड स्तर पर बेहतर कॉर्डिनेशन के साथ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिलास्तर के सभी चेक पोस्ट का सुचारू और गंभीरता से बालू से लदे वाहनों की जांच और परिचालन पर रोक लगाने की बात कही। उपायुक्त ने जनवरी माह में पूरे जिले से केवल पांच अवैध वाहनों पर एफआइआर की कार्रवाई को नाकाफी बताते हुए कड़ी नाराजगी जाहिर की। आगे उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी से खनिज लदे वाहनों पर ओवरलोड के मामले में पकड़े गये वाहनों पर की गयी कार्रवाई की समीक्षा की। अवैध खनन, परिवहन की रोकथाम हेतु जिले के सभी थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी को उपायुक्त के द्वारा आवश्यक निर्देश दिये गये। मौके पर डीएफओ पूर्वी, डीएमओ अजित कुमार, सदर एसडीओ लोकेश बारंगे, प्रशिक्षु आइपीएस श्रुति के अलावा सभी सीओ और थाना प्रभारी मौजुद थे।

## भू-रैयत संघर्ष समिति ने मांगी जानकारी



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** भू-रैयत संघर्ष समिति ने गुरुवार को केरेडारी में की प्रेस वार्ता कर राजकुमार सिंह ने कहा कि पत्र के माध्यम से आपको यह अवगत कराना उचित समझता हूं कि आप अपने अधीनस्थ कंपनी के माध्यम से कोयला उत्पादन का कार्य चट्टीबारियातु कोल खदान में विगत कई वर्षों से प्रारंभ कर रखा है। मैं उक्त पत्र के माध्यम से यह लिखित जानना चाहता हूं कि क्या आपने विस्थापन की सारी नीतियों का पालन किया है आप उत्पादन में जो स्थानीय लोगो की नियुक्ति की है उसका प्रक्रिया क्या है इसकी लिखित जानकारी देंगे? आपने कार्यरत मजदुरों का वेतन निर्धारण और भुगतान की प्रक्रिया कानूनी प्रक्रिया के तहत किया है क्या इसकी जानकारी देंगे? परियोजना में उत्पादन कार्य प्रारंभ करने के पूर्व विस्थापित एव मजदूरो के बिच क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध करानी पड़ती है क्या आपने ऐसा किया है इसकी लिखित जानकारी देंगे परियोजना के अंतर्गत ठेकेदारी प्रथा से होने वाले कार्य की पारदर्शी प्रक्रिया क्या है इसकी लिखित जानकारी देंगे उक्त पत्र को अविलंब संज्ञान में लेते हुए 20 मार्च के अंदर हमे लिखित उपरोक्त प्रश्नों का जवान उपलब्ध करायेंगे ऐसा नहीं करने पर भू-रेयत सघर्ष समिति पगार मेरे नेतृत्व में आपके साथ अहिंसक सत्याग्रह की लड़ाई किसी भी तिथि को कर सनती है। जिसकी लिखित सुचना आपके और संबंधित अधिकारियों दी। मौके पर भू-रैयत संघर्ष समिति के संतोष कुमार सिंह, मो लियाकत हुसैन, सुरेश प्रसाद सिंह, राम कुमार साहू, धनपत सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, प्रकाश सिंह, सोमेश कुमार राणा, किशोर साव, संदीप कुमार वर्मा, खुदनी देवी, पवित्री कुमारी, रंजिता एक्का मौजूद थे।

## ट्रांसमिशन लाइन को सरबाहा से पांच किमी दूर से डायवर्ट करने का प्रस्ताव



**चरही (आजाद सिपाही)।** चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत अंतर्गत ग्राम सरबाहा मध्य विधालय में अपर समाहर्ता हजारीबाग और चुरचू अंचलाधिकारी के आदेश पर झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड पतरातू-कोडरमा ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण हेतु वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता चरही मुखिया संझली मुर्मु ने किया। ग्राम सभा में प्रस्तावित हुआ कि आदिवासी बहुल क्षेत्र होकर ट्रांसमिशन गुजरने से खेती बारी, घर मवेशी सरना स्थल जान माल की सुरक्षा और सभी प्रकार के खतरों को देखते हुए ग्राम सभा में सभी ग्रामीणों ने आपत्ति जताया। ट्रांसमिशन लाइन को ग्राम सरबाहा से पांच किलोमीटर दूर से डायवर्ड किया जाये। ग्राम सभा में यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि ट्रांसमिशन लाइन बसाडीह रेलवे स्टेशन होते हुए रेलवे लाइन के दक्षिणी पश्चिमी होते हुए बरतपिछरवा वाटर फॉल के पश्चिमी दिशा से सीधे हथियारी मोड़ होते हुए चिचिकला लाइन को जोड़ा जाये। ग्राम सभा में वन अधिकार समिति के अध्यक्ष महालाल हंसदा, सचिव नीलकंठ महतो, चरही के पूर्व मुखिया महादेव सोरेन, पंसस निरजंन महतो, वार्ड सदस्य प्रकाश टुडू, अनूप तिग्गा, सुरेश हांसदा, शिवनारायण हंसदा, पैरों टुडु, सोहरी बेसरा, बिशुन मुर्मु, गोपाल महतो, मंजू मुर्मु, परमेश्वर महतो, जगदीश महतो, गोपाल महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## अव्वल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन हजारीबाग ने मॉर्डन पब्लिक स्कूल के परिसर में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। फाउंडेशन ने बीते रविदास जयंती के अवसर पर नि:शुल्क क्विज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया था। इसमें अव्वल प्रतिभागियों को स्कूल बैग देकर फाउंडेशन के संस्थापक और निदेशक शिक्षाविद और लेखक बिपिन कुमार ने पुरस्कृत किया। समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी धनश्याम साहू ने किया वहीं संचालन ब्रदर्स एकेडमी के निदेशक जितेंद्र कुमार ने की संबोधित करते हुए संस्थापक बिपिन कुमार ने कहा कि स्टेमैक्स फाउंडेशन मुख्य रूप से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए स्थापित की गई है। हमारा फाउंडेशन ने पिछले वर्ष अम्बेडकर जयंती के अवसर पर पांच हजारीबाग प्रतिभागियों के बीच ज्ञान परीक्षा आयोजित कर पंद्रह सौ से अधिक अव्वल प्रतिभागियों के बीच लैपटॉप, टैब, एंड्राइड मोबाइल, डिजिटल वॉच, बैग और मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। स्कूल के निदेशक कुलदीप कुमार और सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी धनश्याम साहू ने विद्यार्थियों को पढ़ाई से संबंधित टिप्स दिये। प्रतियोगिता के प्रथम विजेता सलेहा प्रवीण और माही कुमारी द्वितीय रिया कुमारी और संदीप कुमार तृतीय काजल कुमारी और अंकित कुमार को पुरस्कृत किया गया। समारोह में शिक्षक विकास कुमार, मुकेश कुमार, मंजीत कुमार, मो.महबूब, रंजीत कुमार, संतोष कुमार, अनुज कुमार, मो.अजमातुल्ला, मो.अलि, मनोज कुमार शिक्षिका सेवंती कुमारी, शांति कुमारी, मंजू कुमारी, सृष्टि कुमारी, रानी कुमारी, शिल्पी कुमारी शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन ज्ञानोदय विकास स्कूल के उप प्राचार्य लालदेव महतो ने किया।

### चंद्रोडीह में परीक्षार्थियों को लेकर जा रहा ऑटो पलटा

# एक छात्रा की मौत, नौ घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** जिले के चंद्रोडीह में गुरुवार की दोपहर परीक्षार्थियों को लेकर जा रहे एक ऑटो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस दौरान ऑटो पर सवार कई परीक्षार्थी घायल हो गये। घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान एक छात्रा की मौत और नौ घायल हो गये। घायलों ने बताया कि सभी इंदरवा स्थित परीक्षा केंद्र से जैक के द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड की परीक्षा देकर अपने गांव कमेडीह लौट रहे थे। घायलों में चांदनी कुमारी पिता उमेश चौधरी, पूर्णिमा कुमारी पिता दिनेश पंडित, तन्नू कुमारी पिता श्यामसुंदर राना, निशु कुमारी पिता सतेंद्र बरनवाल, ज्योति कुमारी पिता सतीश पंडित, दिलसान अंसारी, अरमान अंसारी, सेहान अंसारी, सोनम कुमारी पिता संजय पंडित शामिल हैं। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल परीक्षार्थी ज्योति कुमारी (16) को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था, लेकिन छात्रा की सदर अस्पताल में ही मौत हो गयी। इसकी सूचना पाकर कोडरमा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि अन्य सभी घायलों का इलाज चल रहा है। वहीं घायल नीलम कुमारी (15 वर्ष, श्याम सुंदर यादव, गरहाई) को भी रिम्स रेफर कर दिया गया। पुलिस ने ऑटो को जब्त लिया और चालक को हिरासत में लिया गया है।

## एक घंटा हड़ताल पर रहे एलआइसीकर्मी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** गुरुवार को पूरे देश में एआइआइइए के आह्वान पर नयी बहाली और एआइआइइए को मान्यता की मांग के सवाल पर हजारीबाग जिला अंतर्गत सभी एलआइसी कार्यालय में एक घंटे की हड़ताल की गयी। बहिर्गमन हड़ताल को संबोधित करते हुए एलआईसी के महामंत्री जगदीश चंद मित्तल और अन्य वक्ताओं ने कहा कि एलआइसी में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भारी कमी है। 31 मार्च 2017 को तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की संख्या 57441 से घटकर 31 मार्च 2024 को 45762 रह गयी है। 2020 में अधिसूचित तृतीय श्रेणी के 8000 पदों में से 2700 से अधिक पद विभिन्न कारणों से भरे नहीं जा सके। चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की स्थिति और भी गंभीर है। भर्ती के माध्यम से इस मुद्दे को हल करने के बजाय, कुछ स्थानों पर चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों को पूरी तरह से आउटसोर्स करने का प्रयास किया जा रहा है। अगले कुछ वर्षों में कई कर्मचारियों के जाने के कारण, ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं को पूरा करने और पसंदीदा बीमाकर्ता के रूप में अपनी प्रमुख स्थिति को बनाये रखने के लिए भर्ती की तत्काल आवश्यकता है। हम यह भी नोट करना चाहेंगे कि कर्मचारियों की संख्या में तेजी से कमी हमारे घोषित उद्देश्य एक मजबूत भारत के लिए एक मजबूत एलआईसी को साकार करने के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा बन रही है। हम प्रबंधन से मांग करते हैं कि संस्थान और पॉलिसीधारकों के हित में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कैडर में भर्ती की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाये। एआइआइइए को मान्यता देने का मुद्दा कर्मचारियों की बहुत लंबे समय से लंबित मांग है। एआइआइइए एलआइसी में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के भारी बहुमत का प्रतिनिधित्व करता है। यह कई बार तब प्रदर्शित हुआ जब कर्मचारियों ने विशेष रूप से एआइआइइए द्वारा दिये गये आंदोलनात्मक आह्वान में भाग लिया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एलआइसी कर्मचारियों की इस लोकतांत्रिक आकांक्षा को स्वीकार करने से इनकार कर रहा है, जो औद्योगिक लोकतंत्र की अवधारणा का उल्लंघन है। यह इनकार आइएलओ के कन्वेंशन 87 और 98 का उल्लंघन करता है, जिस पर भारत हस्ताक्षरकर्ता है। एलआइसी सार्वजनिक क्षेत्र में एकमात्र वित्तीय संस्थान है, जिसके पास मान्यता प्राप्त यूनियन नहीं है, जबकि इसके पास सबसे बड़ा यूनियनबद्ध कार्यबल है और एआइआइइए को उनमें से 80 प्रतिशत से अधिक का समर्थन प्राप्त है। हम प्रबंधन से मांग करते हैं कि एआइआइइए को मान्यता देने की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाये। आज की हड़ताल पूर्ण रुप से सफल रही। इस हड़ताल को सफल बनाने में बबन कुमार, विवेक सहाय, महेंद्र सिंह, सुशील लकड़ा ने मुख्य भूमिका निभाई। सभा की अध्यक्षता मदन कुमार पाठक ने की।

## परीक्षा पेपर लीक मामले में मरकच्चो का युवक हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा। झारखंड एकेडेमिक काउंसिल की 10वी की परीक्षा के पेपर लीक होने के मामले में जिले के मरकच्चो से एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि जो प्रश्न पत्र लीक हुआ है, उसका सैम्पल सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसके बाद जैक अधिकारियों के कान खड़े हो गये और उन्होंने वायरल पेपर से मूल पेपर की जांच भी करा ली। जांच में पेपर लीक का मामला सही पाया गया है। इसके बाद पूरे राज्य की परीक्षा को रद्द कर दी गयी है। पेपर लीक के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप के जरिये प्रश्न बताए जाते थे। इसके लिए पहले 350 रुपये लेकर पासवर्ड बताया जाता था, तब प्रश्न देखे जाते थे। जैक अध्यक्ष ने पेपर लीक की बात को स्वीकार करते हुए कहा कि पेपर कोडरमा और गिरिडीह से लीक हुआ है। कोडरमा के डीईओ अविनाश राम ने बताया कि 350 रुपये में पेपर लीक होने की बात सामने आयी है। मामले की जांच की जा रही है।**

## दारू में 1500 पेटी शराब जब्त

**दारू/ हजारीबाग(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के जोनहीयां में गुरुवार को उत्पाद विभाग ने बड़ी छापेमारी की है। उत्पाद आयुक्त शिव कुमार साहू के नेतृत्व में की गयी इस कार्रवाई में 1500 से अधिक पेटी मैजिक रम और 50 पेटी नकली शराब जब्त की गयी है। उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर यह छापेमारी की गयी। जब्त की गयी शराब के मालिक की पहचान करने की जांच जारी है। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई अवैध शराब तस्करों के खिलाफ की जा रही बड़ी मुहिम का हिस्सा है। साथ ही आयुक्त ने कहा कि यह दूसरे राज्य से शराब लायी गयी थी और इसे जोनिहया के उमेश साव के घर में रखा गया था। उमेश साव कबिलासी के रहने वाले हैं जिन्होंने जोनिहया में अपना नया घर बनाया था। मौके पर उत्पाद निरीक्षक सुमितेश कुमार, कृष्ण प्रजापति, भुनेश्वर नायक और गृह रक्षक के जवान दर्जनों की संख्या में उपस्थित थे।**

## स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर हजारीबाग में म्यूजियम बनवाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता के नेतृत्व में मंच के प्रदेश प्रधान महासचिव ओमप्रकाश मेहता ने रांची स्थित राज भवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसके अलावे महामहिम को 50 क्रांतिकारियों के नाम का भी एक बुक भेंट किया। स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच ने ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से उत्तरी छोटा नागपुर कमिश्नरी जिला हजारीबाग में स्वतंत्रता सेनानियों के नाम से एक म्यूजियम बनवाने का मांग किया गया है। विचार मंच के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने अनुरोध करते हुए कहा की स्वतंत्रता सेनानियों के नाम से म्यूजियम बनने से नई पीढ़ी के लोगों को स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति जानकारी मिलेगी। साथ ही साथ स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को इससे सम्मान मिलेगा।

### 80 के दशक का राजकीय कृत मध्य विद्यालय बेलाटाड़ नंबर-2

# यहां पढ़कर बने बड़े अफसर, कई सफल व्यवसायी

**कोई आइएएस, कोई डॉक्टर तो कोई मुख्य अभियंता तो कोई कस्टम अधिकारी है**

गौतम पाल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले का एक सरकारी प्राथमिक मध्य विद्यालय ऐसा भी है, जहां से 80 के दशक में पढ़ कर निकले दर्जनों ऐसे प्रतिभावान छात्र है जो आज विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर काबिज है। हम बात कर रहे हैं जिले के झुमरी तिलैया शहर के राजकीयकृत मध्य विद्यालय बेलाटाड़ नंबर-2 का। यहां से प्राथमिक शिक्षा ग्रहण कर निकले छात्रों में कोई आइएएस है, कोई रेलवे में उच्च पदों पर है, कोई इंजीनियर है, कोई डॉक्टर भी है तो कोई कस्टम अधिकारी और कोई राज्य प्रशासनिक सेवा में। यहां तक कि यहां से निकले कई ऐसे छात्र भी है जो विभिन्न अखबारों में अपनी अपनी कलम से जिले की समस्या और आम लोगों की दबी आवाज को बुलंद करते रहते हैं। वहीं कई सफल व्यवसायी भी है, इस विद्यालय से 80 के दशक में पढ़कर निकले संजय शुक्ला जो आज मध्य प्रदेश में वर्तमान सरकार के प्रधान सचिव के पद पर है। वहीं विनय कुमार वर्णवाल जो जमालपुर जंक्शन में चीफ वर्कशॉप मैनेजर जैसे उच्च पद पर है। इसी प्रकार डॉ अमित प्रकाश जो फोर्टिस हेल्थकेयर में बतौर निर्देशक और एचओडी कार्डियक हैं। संजय कुमार सिंह तोपचांची में अंचलाधिकारी के पद पर हैं, संतोष कुमार वर्मा मुंबई में इनकम टैक्स अधिकारी, नीरज सिन्हा चंडीगढ़ में डिफेंस अकाउंटेंट, धीरज सिन्हा दिल्ली में डीएसपी कस्टम के पदास्थापित है। वहीं अनिल वर्णबाल एनटीपीसी में मुख्य अभियंता, विनोद विश्वकर्मा संवाददाता यूएनआइ और अनूप कुमार दैनिक जागरण के ब्यूरो हेड, अजय कुमार सिंह सेवानिवृत्त बीएसएफ, राधे शुक्ला शिक्षक, राजीव रंजन शुक्ला जिन्होंने 4 वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय संस्था यूनिसेफ में अपनी सेवा दी। इसके अलावा सीसीएफ, एसडब्लूआर जैसी कई अंतरराष्ट्रीय संस्था (एनजीओ) में काम कर चुके हैं। वर्तमान में मानव विकास धारा के निदेशक है और भी कई ऐसे छात्र हैं जो आज जिले के साथ-साथ इस विद्यालय के नाम को गौरवान्वित कर रहे हैं। इसके अलावा कई ऐसे छात्र भी है जो आज सफल व्यवसायी के रूप में जाने जाते हैं।

## विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के सभी मध्य विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमें सभी विद्यालय में नये अध्यक्ष का चुनाव किया गया। इसी क्रम में मध्य विद्यालय अमनारी में पुर्नगठन को लेकर विद्यालय में पढने वाले बच्चों के अभिभावकों का बैठक महेश अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया जिसमें चुनाव प्रवेक्षक विनोद कुमार रवि उपस्थित हुआ। सभी अभिभावकों के बीच 16 सदस्यों का चुनाव किया गया। जिसमें 12 सदस्य मंसुर अंसारी, सावित्री देवी, कांती देवी, अंजुम निशा, मंदोदरी देवी, लीलम देवी, मुनिता देवी, मुनकी कुमारी, संगीता देवी, मीना देवी, मुन्नी देवी, प्रतिमा देवी को अभिभावकों ने चुना और 4 सदस्य छोटन कुमार दास, उमेश दीन, धर्मेश पासवन और कौलेश्वर कुमार को मनोनीत किया गया। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मित से अध्यक्ष के लिए मंसुर अंसारी, उपाध्यक्ष सावित्री देवी और संयोजिका कांती देवी को चुना गया। मौके पर राजेश कुमार, कुलदीप पासवन, बलराम कुशवाहा समेत अन्य उपस्थित था ।

## कोडरमा में मुखिया सम्मेलन का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बिरसा सांस्कृतिक भवन में शिक्षा विभाग कोडरमा के सौजन्य से मुखिया सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुखिया सम्मेलन में सभी प्रखंड के पंचायत अंतर्गत जनप्रतिनिधि मुखिया उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय स्तर पर मुखियागण के द्वारा किए जा रहे सहयोग एवं करने योग सहयोग के बारे में प्रस्तुति दिया गया। जिला अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन करने वाले 20 मुखिया का चयन करते हुए उनको जिला शिक्षा अधीक्षक और अध्यक्ष जिला परिषद के द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक में सभी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष, सभी मुखिया और शिक्षा विभाग के प्रखंड और जिला स्तर के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मरकच्चो में झामुमो की हुई बैठक



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के तत्वावधान में गुरुवार को मरकचो प्रखंड कमेटी की बैठक दक्षिणी पंचायत अंतर्गत अस्पताल मैदान में की गयी। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन व सदस्यता अभियान चलाने को लेकर विचार विमर्श किया गया बैठक में चुनाव पर्यवेक्षक के रूप मे केद्रीय समिति सदस्य संजय पांडेय और चुनाव प्रभारी के रूप में बीस सूत्री अध्यक्ष बैजनाथ मेहता उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर तिवारी, उपाध्यक्ष मो अलाउद्दीन अंसारी, सचिव मो रियासत, संगठन सचिव गंदीप साव, कोषाध्यक्ष गौतम ऋषि का चयन किया गया। इस दौरान केंद्रीय समिति सदस्य संजय पांडेय ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामना देते हुए कहा कि सभी नवनिर्वाचित सदस्य पार्टी हित के लिये बेहतर कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कोडरमा जिला में पचास हजार नये सदस्य जोड़ना है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मरकच्चो में भी सदस्यता अभियान चलाने की शुरूआत की गई। बैठक में मो खलील, मो जावेद, मो अफजल, दिलीप गुप्ता, रामेसर मुर्मू, बसंत पासवान, सुरेश साव, शौकत आलम, रुस्तम आलम, अलोक दास, मो कलीम, साकीर अहमद, तुलसी दास, अमजद आलम, सुल्तान अली आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने अस्पताल का किया निरीक्षण



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज ने गुरूवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टाटीझरिया और झरपो अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सा पदाधिकारी और स्वास्थ्य कर्मियों को कई निर्देश दिया। बीडीओ ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई का निर्देश दिया। बीडीओ ने निरीक्षण के क्रम में आवश्यक और आपातकालीन दवाओं की जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी व्यवस्था की जानकारी ली। वहीं निरीक्षण के क्रम में बीडीओ को चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों ने अस्पताल में जरूरी संसाधनों को उपलब्ध कराने की मांग की।

## श्री श्री 108 शिव हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकाली कलशयात्रा



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत के ग्राम लग्नवां में श्री श्री 108 श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर 1051 कन्याओं के द्वारा भव्य कलश निकली गयी। कलश शोभायात्रा में मुख्य रूप से बरकट्ठा विधायक अमित यादव, प्रमुख रेनू देवी, उप प्रमुख सूरजी देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद मंडल, गोरहर थाना प्रभारी सोनु कुमार, सुरेन्द्र भाई मोदी, यज्ञ समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश मोदी, समाजसेवी सुनील पांडे ने कन्याओं को माथे पर कलश देकर जल यात्रा का आरंभ किया। कलश यात्रा लग्नवां से बनवारी, लेम्बुआ से होते हुए बेलकपी उत्तर वाहिनी नदी पहुंच कर पंडित शंकर शरण शास्त्री के मंत्रों उच्चारण कर जल भरकर पुन: कलश स्थापित किया गया। यह यज्ञ 20 फरवरी से 28 फरवरी चलेगा जिसमें रात्रि में कथा वाचक पंकज शास्त्री के द्वारा कथा किया जायेगा और प्रत्येक दिन रामलीला का आयोजन किया जायेगा। मौके पर राजकुमार गिरी, सहदेव पासवान, परमेश्वर साव, रीतलाल प्रसाद, भीम यादव, जागेश्वर पांडेय, लोकनाथ राणा, संतोष कुमार मोदी, कार्तिक करण देव, प्रदीप मोदी, संदीप मोदी, सुरेन्द्र राणा समेत दर्जनों ग्रामीण श्रृद्धालु शामिल थे।

## स्नातक छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत, कॉलेज में शोक व्यक्त



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर के स्नातक का छात्र पंकज कुमार (19 वर्ष) का कल मोटरसाइकिल दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। इस खबर से महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के बीच शोक का लहर है। महाविद्यालय परिसर में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर छात्र को श्रद्धांजलि दी गयी। पंकज कुमार महाविद्यालय का नियमित तथा मेधावी छात्र था। वह सेमेस्टर-क्कके हिंदी विभाग का छात्र था। कल शाम अपने बुआ के घर चेटर गांव से कुंभ का प्रसाद देकर वापस आ रहा था उसी क्रम मे विपरीत दिशा से आ रही चार पहिया वाहन चपेट मे आ जाने के कारण घटना हुई, छात्र वाहन चलाते समय सिर पर हेलमेल नहीं पहना था। महाविद्यालय परिसर में शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।

## मुखिया ने छात्राओं के बीच बांटे सैनिटरी पैड




**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** शांति निकेतन विद्यालय बगरैया में अध्यनरत छात्राओं के बीच गुरूवार को बरका-सयाल क्षेत्र सीएसआर मद से प्राप्त सैनिटरी पैड का वितरण मुख्य अतिथि उरीमारी पंचायत मुखिया कमला देवी, विशिष्ट अतिथि पंसस गीता देवी, वरीय ओवरमैन/त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति सदस्य बरका सयाल क्षेत्र गणेश राम, सीतामुनी देवी के हाथों किया गया। वहीं मुखिया कमला देवी ने कहा कि खान पान और बढ़ती प्रदूषण से कई तरह की बीमारियां उत्पन्न हो रही है इसके बचाव के लिए खुद को जागरूक रहना होगा। वरीय ओवरमैन गणेश राम ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की क्षेत्र के बच्चियों को शांति निकेतन विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने लिए विद्यालय को सराहनीय कदम बताया और विद्यालय के बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचने के लिए जागरूक किया। मौके पर विधालय के निदेशक नरेश करमाली, प्रधानाध्यापक दिनेश करमाली, शिक्षक राजेन्द्र राम, पिंटू कुमार, रंजीत करमाली, राजू बेसरा, पूनम सरोज किंडों, अर्चना कुमारी, सूरज कुमार, सुशील कुमार, संगीता कुमारी, सेवामुनी टुडू, बिनोद हांसदा, पूनम भारती, सुमन हांसदा, बबीता सोरेन, विकाश करमाली, सबिता देवी, प्रीति मरांडी, लक्ष्मी कुमारी, कोमल राज, योगिता कुमारी, काजल कुमारी, चिंता कुमारी, प्रसंशा करमाली अंजू कुमारी, सिमरन कुमारी, सीमा सोरेन, अनु हेम्ब्रोम, तान्या कुमारी, स्वीटी हांसदा, प्रतिमा कुमारी, ज्योति कुमारी, रानी कुमारी, गीता कुमारी,सपना हांसदा, इशिका कुमारी, जन्नत बख्श अंसारी, इंदु कुमारी, ममता कुमारी, नेहा कुमारी सहित कई छात्राएं शामिल थे।

## ग्रामीणों के साथ आइपील कंपनी की वार्ता विफल



**गोला (आजाद सिपाही)।** अंचल कार्यालय में गुरुवार को ग्रामीण और आईपीएल प्रबंधक के बीच विभिन्न मुद्दों पर वार्ता हुई। ग्रामीणों ने बताया कि आइपीएल फैक्ट्री द्वारा पानी का पाइप फैक्ट्री में ले जाया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों का सैकड़ो वृक्ष नष्ट हो जायेगा। जब तक कंपनी द्वारा मुक्त शिक्षा, बिजली, पानी, सड़क सुविधा उपलब्ध नहीं करायी जाती है, तब तक ग्रामीण पाइप को नहीं बिछाने देंगे। इसके बाद ग्रामीण वापस वार्ता से निकल गये। इसके उपरांत विधायक के नाम एक ज्ञापन दिया गया। इसमें मुख्य रूप से सुनील चक्रवर्ती, लखेश्वर महतो, वासुदेव प्रसाद, विश्वजीत कुमार, भुनेश्वर मुंडा, शंभू मुंडा, संजू मुंडा, रविंद्र कुमार, सरवन मुंडा, प्रीतम मुंडा, ओम प्रकाश महतो, फूला देवी, शशि, किरण कुमारी, बबीता देवी, पूनम देवी, जर्नी देवी, यात्री देवी, झूला मुंडा, चंपा देवी, तिलवा देवी, राथू मुंडा, भूमेश महतो, वकील महतो, अशोक माली, नरेश मुंडा, महेंद्र महतो, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मुकेश महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नहीं लौटाया कर्ज, तो कोर्ट ने अभियुक्त के घर पर चिपकवाया इश्तिहार



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रांची रोड मरार में हीरक नगर निवासी सुमित कुमार पिता सुनील के द्वारा कर्ज नहीं लौटाया गया। इस मामले में उनके पड़ोसी अमित कुमार के द्वारा कोर्ट में केस 470/2023 किया गया था। सुनवाई के दौरान कई बार नोटिस के बावजूद सुमित कुमार हाजिर नहीं हुआ। जब कोर्ट ने वारंट जारी किया तो वह भी वापस हो गया। एसीजेएम संदीप कुमार बरतम के कोर्ट ने अभियुक्त सुमित कुमार के खिलाफ इश्तिहार चिपकाने का निर्देश रामगढ़ थाने को दिया था। गुरुवार को सब इंस्पेक्टर उपेंद्र कुमार गुप्ता इश्तिहार चिपकाने सुमित कुमार के घर पहुंचे। गवाहों की मौजूदगी में इश्तेहार चिपकाया। इस दौरान उन्होंने सुमित कुमार के परिजनों को भी आवाज लगायी। लेकिन कोई भी घर से बाहर नहीं निकला। सब इंस्पेक्टर उपेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि सुमित कुमार का घर हीरक नगर में विवाह इंटरनेशनल स्कूल के पास है। अभियुक्त के विरुद्ध निर्गत इश्तेहार को अभियुक्त के घर और चौराहे में चिपका कर तामिला किया गया।

## पैगोड़ा चौक का नाम बदल शहीद करमजीत सिंह बक्शी चौक करने की मांग



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झामुमो के केंद्रीय नेता डॉ कमल नयन सिंह और वरिष्ठ नेता दिलीप वर्मा ने नगर निगम के नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद से मुलाकात कर पैगोड़ा चौक का नाम बदल कर शहीद के सम्मान में कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी चौक करने की मांग की। इसको लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा गया। साथ ही शहीद के नाम पर होलीक्रॉस मार्ग का नामकरण भी करने का मांग किया। इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र में शहीद के परिजन को दुकान उपलब्ध कराने की भी मांग की है। डॉ कमल नयन सिंह ने कहा कि आज कैप्टन करमजीत सिंह हमारे बीच नहीं हैं, मगर उनका बलिदान सदियों तक याद किया जायेगा। ऐसे वीर शहिद पर पूरे देश को फक्र है। झामुमो के वरिष्ठ नेता दिलीप वर्मा ने कहा कि चौक चौराहों का नाम करण शहीद के नाम पर करने से आने वाली पीढ़ी भी शहिद के बलिदान को याद रखेगी।

# गोतनी से विवाद के बाद कुएं में कूदकर दी जान

**मायकेवालों ने लगाया हत्या कर शव को कुएं में डालने का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज /चतरा।** थाना क्षेत्र के लेंजवा पंचायत के कोसमाही गांव में एक दुखद घटना सामने आयी है। अपनी बड़ी गोतनी के बीच हुए विवाद के बाद एक महिला ने कुएं में कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना बुधवार देर शाम की बताई जा रही है। सूचना मिलने पर हंटरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर हंटरगंज थाना ले आयी जहां से गुरुवार सुबह 10 बजे पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया। इस संबंध में मृतका के भाई बिहार के गया जिला के शेरघाटी थाना क्षेत्र रमना मेला रोड निवासी कुंदन कुमार ने बताया कि हंटरगंज थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई जा रही है। कुंदन ने बताया कि उनकी बहन की शादी चार वर्ष पूर्व कोसमाही निवासी अनिल यादव से हुई थी। लगातार मेरी बहन को उसका पति प्रताड़ित करते रहता था। मृतका के पति का उसकी बड़ी भाभी के साथ नाजायज संबंध है। जिसके विषय में मृतक मेरी बहन कई बार फोन के माध्यम से सूचना दे चुकी हैं। बुधवार शाम करीब 3 बजे आचनक मेरी बहन कि गोतनी फोन कर बताई कि मेरी बहन आशा ने कुएं में छलांग लगा दी है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका आशा के दो छोटे- छोटे बच्चे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की शिकायत और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### सड़क किनारे मिला युवक का शव

**प्रतापपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के समीप गुरुवार को सुबह लगभग 7 बजे सड़क किनारे एक युवक का शव मिला। युवक की पहचान सोनवर्षा गांव निवासी उमेश यादव के 17 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार उर्फ भोला के रूप में हुआ है। नीरज के परिजनों ने बताया कि वह रात्रि करीब साढ़े सात बजे अपने बलवादोहर घर से सोनवर्षा घर जा रहा था। तभी यह घटना घटी। मृतक नीरज के चाचा जवाहर यादव ने आरोप लगाया है कि नीरज की मौत दुर्घटना नहीं बल्कि उसकी हत्या की गयी है। प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि मृतक मोटरसाइकिल पर सवार था और मोटरसाइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। युवक की सिर पर गहरी चोट लगी है। जिसे उसके कान और सिर से खून निकल रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है,और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह घटना सड़क दुर्घटना या हत्या है। इस घटना से पूरा प्रखंड क्षेत्र में माहौल गमगीन है।

# रामगढ़ फिल्म एसोसिएशन ने उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र

**नाट्यशाला सहित कई कलाकारों के लिए चार मांगो को रखा**

**उपायुक्त ने जिला में नाट्यशाला निर्माण कराने की बात कही**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ फिल्म एसोसियशन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को रामगढ़ जिला उपायुक्त चंदन कुमार से मुलाकात कर चार सूत्री मांग पत्र सौंपा। पत्र में एसोसियशन ने कहा है कि झारखंड राज्य बनने से पहले रामगढ़ जिला में स्थानीय क्षेत्रीय कलाकार क्षेत्रीय भाषा में फिल्म का निर्माण कर रहे थे और वह आज भी लगातार जारी है। लेकिन झारखंड बनने के बाद से आज तक स्थानीय फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों के लिए जिला प्रशासन द्वारा कलाकारों की समस्याओं के समाधान के लिए कोई पहल नहीं किया गया और ना ही कोई सहयोग दिया गया। एसोसियशन ने जिला प्रशासन से रामगढ़ जिले में फिल्म निर्माण से जुड़े लोगों को रामगढ़ जिला कला और संस्कृति विभाग में पंजीकरण करने, जिले के तमाम गीतकार, संगीतकार, कलाकार, निमार्ता, निर्देशक और टेक्नीशियन को जिला कला और सांस्कृतिक विभाग द्वारा नाट्य रंगमंच प्रेक्टिस करने के लिए साथ ही प्रेक्टिस के बाद प्रदर्शन करने के लिए नाट्यशाला का निर्माण जहां 100 से 200 लोग बैठकर प्रस्तुति को देख सके ऐसी जगह की व्यवस्था देने, झारखंड सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का प्रचार प्रसार रामगढ़ जिला के लिए कोई ऐड जो कला और फिल्म से जुड़े लोगों के लिए हो वह स्थानीय कलाकारों और फिल्म से जुड़े लोगों को देने, रामगढ़ जिला फिल्म संगठन के साथ मिलकर सरकार का प्रचार प्रसार हेतु हर ऐसे कार्यक्रम की रूपरेखा रामगढ़ जिला फिल्म एसोसियशन के लोगों के साथ मिलकर तय करने आदि मांगो को रखा। उपायुक्त महोदय ने सभी बातों को गंभिरता से सुनने के बाद आश्वासन देते हुए कहा कि आप लोग जिला में कोई भी पुरानी भवन या कहीं भी 30-40 डिसिमल सरकारी भूमि को देखें और उसके बाद मुझे जानकारी दें। मैं जिला मद से उसे नाट्यशाला के लिए बनवाने का काम करूंगा। साथ ही उन्होंने अन्य बिंदुओं पर भी सकारात्मक पहल करने की बात कही। मांग पत्र देने वालों में रामगढ़ जिला फिल्म एसोसियशन के अध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष संजय बनारसी, सचिव दीपक सिंह टाइगर, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, सहसचिव गुफरान खान, संजय मेहता, संसार, विनोद वर्मा, सुनील वर्मा, दीपक यादव आदि लोग शामिल थे।

## रतवे में खपरैल मकान में लगी आग



**कुज्जू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड रतवे पंचायत अंतर्गत ग्राम मोहरटांड में एक खपरैल मकान में गुरुवार को अचानक आग लग गयी। परिजनों के अनुसार, आग लगने की वजह शॉट सर्किट है। ग्रामीण बताते हैं कि मकान मालिक मो आलम अपने घर के बाहर बैठे थे। इसी बीच मकान के अंदर वाले कमरे में शॉट सर्किट के साथ आग लग गयी। लेकिन मकान मालिक को इसकी सूचना तब हुई जब धुंआ बाहर निकलने लगा। हो हल्ला होने पर ग्रामीणों ने आग को बुझाने का प्रयास किया। लेकिन सभी असफल रहे। आग लगी घटना से घर में रखें टीवी समेत कपड़ा और कागजात जलकर राख हो गये। घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो कर बुरा हाल है।

# विस्फोटक की चपेट में आने से तीन बच्चे घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के बरकट्ठा थाना क्षेत्र में विस्फोटक की चपेट में आने से कोनहरा कला गांव के तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल बच्चों का इलाज जारी है। जबकि एक बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर किया गया है। दरअसल यह पूरा मामला हजारीबाग जिले के बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत कोनहरा कला गांव की है। बताया जाता है कि बीते दिन कुछ बच्चे के हांथ विस्फोटक लग गया। जिसे बच्चे विस्फोटक पदार्थ को अपने साथ एक पेड़ के समीप लेते जाते हैं और वहां उसे विस्फोटक पदार्थ को एक्सपेरिमेंट करते हैं। इसी दौरान विस्फोटक पदार्थ अचानक विस्फोट कर जाता है और इस विस्फोट में तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। यह विस्फोटक पदार्थ वहां कैसे आया यह जांच का विषय है।

जब स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी मिली तो घायल बच्चों को आनन फानन में हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाए। इधर इस पूरे मामले पर कोनहरा कला पंचायत के मुखिया अब्बास अंसारी ने बताया कि गांव के ही बगल में पत्थर खदान संचालित है कई बार इसको लेकर ग्रामीणों ने आवाज भी उठाया लेकिन अब तक प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दी है। आज हालत ऐसी आई की एक बड़ा लापरवाही देखने को मिला और बच्चे इस लापरवाही का शिकार हो गये। इस मामले को लेकर मुखिया ने एसपी को आवेदन देकर घटना की जांच की मांग की है। इस मामले को लेकर हजारीबाग कि उपायुक्त नैंसी सहाय ने टेलिफोनिक जानकारी दी है कि मामला उनके संज्ञान में पहुंचा है और वह इस मामले को लेकर तीन सदस्यों की टीम गठित कर पूरे मामले की जांच का निर्देश दिए हैं। वहीं स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आवाज उठाई है। उन्होंने कहा है कि आज तीन बच्चे शिकार हो गए हैं। जिले के वरीय अधिकारी को ऐसी घटनाओं पर ध्यान देने की जरूरत है। ऐसे मामले अब सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर रहे हैं, कि विस्फोटक बच्चों के हांथ कैसे लगा इसकी जांच होनी चाहिए।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को लेकर कार्यशाला

**महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का करें व्यापक प्रचार प्रसारः डीसी**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत गुरुवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलको के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित कार्यशाला के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी गयी। साथ ही उनके द्वारा महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के तहत जिले में हो रही गतिविधियों आदि के संबंध में सभी को बताया गया।कार्यशाला के दौरान उपायुक्त के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिलाओं के खिलाफ हो रहे हिंसा के रोकथाम हेतु महिला हेल्पलाइन 181, महिलाओं को एक ही छत के नीचे विधिक सहित अन्य सहायताएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, जनसंपर्क विभाग सहित अन्य विभागों को आपस में समन्वय करते हुए महिला हेल्पलाइन, सखी वन स्टॉप सेंटर का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपयुक्त में आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, थाना, पंचायत भवनों, बस स्टैंड सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से संबंधित स्लोगन, पोस्टर, बैनर लगाते हुए व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। कार्यशाला में संरक्षण पदाधिकारी दुखहरण महतो के द्वारा रामगढ़ जिले में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गयी। वहीं बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति बागे के द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी दी गयी। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने बाल श्रम संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए इस दिशा में कार्य करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त के द्वारा उपस्थित सभी को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जागरूकता शपथ भी दिलायी गयी।

## ट्रैफिक पुलिस ने पानी लदे दो वाहनों को किया सीज




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले में कई ऐसे बड़े-बड़े वाहन हैं जो बिना परमिट और वैध कागजात के साथ सड़क पर अपनी अपनी गाड़ी दौड़ा रहे हैं। मामले का खुलासा तब हुआ जब रामगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने नई सराय में चेकिंग के दौरान पानी लदा दो वाहनों को सीज किया है। ट्रैफिक पुलिस के द्वारा चेकिंग के दौरान पानी लदा डंपर संख्या जेएच 02 एएल 2232 और जेएच 02बीबी 9207 का जांच किया गया तो दोनों वाहनों का जांच किया गया तो टैक्स, परमिट, फिटनेस, पॉल्यूशन, इंश्योरेंस फेल पाया गया। इसके बाद दोनों वाहनों को सीज कर पुलिस लाइन में लगाया गया। मामले में ट्रैफिक थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर गजेंद्र पांडे ने बताया कि जांच के दौरान दोनों वाहनों की जांच में से एक का परमिट सही पाया गया, जबकि एक का परमिट फैल था। वहीं, दोनों वाहनों का टैक्स, फिटनेस, पॉल्यूशन, और इंश्योरेंस फेल था। जिसके कारण दोनों वाहनों को सीज किया गया। बताया जाता है कि दोनों वाहन पानी लोड कर बिहार फाऊंडरी की ओर जा रहा था। ट्रैफिक पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दोनों वाहन का सभी कागजात फेल है। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस एक्टिव होकर दोनों वाहनों को सीज कर ली है।

## वाहन के धक्के से पोल क्षतिग्रस्त, बिजली गुल



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना अंतर्गत पतरातू थाना के समीप एक वाहन ने गुरुवार को बिजली के पोल में टक्कर मार दी और थाना के बाउंड्री को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। बिजली के पोल टूट जाने के कारण पीटीपीएस क्षेत्र के पूरे कॉलोनी में विद्युत बाधित रहा। बताया जाता है कि ट्रक रांची जिले के बिंजा छापर से कोयला लोड कर रांची ईटा भट्ठा में गिराकर पतरातू की ओर लौट रहा था।

## कुंदा शिवरात्रि पशु मेला की नीलामी 3 लाख 51 हजार में



**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभा कक्ष में गुरुवार को कुंदा शिवरात्री पशु मेला का निलामी 3 लाख 51 हजार में संपन्न हुआ। निलामी प्रखंड प्रमुख कमला देवी की उपस्थिति में प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत सिन्हा ने संपन्न कराया। इस निलामी में प्रखंड क्षेत्र के कई गांव के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। निलामी के लिए 22 राऊंड तक बोली लगाने के बाद अंतिम बोली मनोज कुमार यादव, ग्राम (सिंदूरी) पंचायत नवादा निवासी ने 3 लाख 51 हजार में बोली लगाकर पशु मेला का डाक अपने नाम लिया। दूसरे स्थान पर कुंदा निवासी जितेंद्र सौंडिक 3 लाख 50 हजार व तीसरे स्थान पर भागवत यादव ग्राम अमोना 3 लाख 17 की बोली लगायी। इसके अलावा कई लोगों ने भी अपनी अपनी बोली लगायी। मौके पर कुंदा पंचायत मुखिया मनोज कुमार साहू, सिकीदाग पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश यादव, बोधाडीह मुखिया प्रतिनिधि बिनोद साव, नवादा पंचायत मुखिया भरत यादव, कुंदा पंचायत सचिव रंजन राजू वर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## माता शबरी पूजा सह भुइयां परिवार मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन



**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ऐतिहासिक स्थल महादेव मठ स्थित यज्ञ मंडप परिसर में गुरुवार को अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति द्वारा माता शबरी पूजा सह भुइयां परिवार मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुंदा पंचायत के मुखिया मनोज कुमार साहू उमेश भुइयां द्वारा मंच पर दीप प्रज्वलित व फीता काटकर उद्घाटन किया गया। यह समारोह उत्साह पूर्वक मनाया गया और माता शबरी की प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। समारोह में आये हुए गायक कलाकारों द्वारा धार्मिक धुन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों से महिलाएं, बच्चे के अलावा कई लोग कार्यक्रम देखने के लिए पहुंचे थे। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भुइयां, संजय भुइयां, अजीत भुइयां, बोधाडीह मुखिया प्रतिनिधि बिनोद साव के अलावा कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## बेडम में पुआल रखे मचान में लगी आग

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के डुमर पंचायत अंतर्गत बेडम गांव में बुधवार-गुरूवार की रात्रि पुआल रखे मचान में आगजनी की घटना में 400 धान का बोझा का पुआल जलकर राख हो गया है। मचान बेडम निवासी कौशल्या देवी पति जुगल किशोर प्रसाद का है। आगजनी की घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन मचान में रखा पुआल जलकर राख हो गया। मचान में आग लगने का कारण आपसी द्वेष का होना बताया जा रहा है। आगजनी की इस घटना में मचान के बगल में रखा पंडाल बनाने का 150 पीस बांस और कोनार का पेड भी जल गया है। कौशल्या देवी ने बताया कि अब उन्हें सालभर के लिए मवेशियों की चारा की चिंता सता रही है। भुक्तभोगी ने अंचल अधिकारी को आवेदन देकर मदद की गुहार लगाया है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

**ई-निविदा सं.: C-710- TORI-C-GCT**

**1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** टोरी-C-(TORI) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास। 2. टोरी स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का **2. लगभग लागत:** रु. 32,76,81,006/- **3. ब्याने की राशि:** रु. 3,27,68,200/- **4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई-निविदा बंद होने की तारीख 18.03.2025 को 15:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तारीख 18.03.2025 को 15:30 बजे से। **5. वेबसाइट, का विवरण:** http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद।**

पीआर/02148/डीएचएन/सीओएमएल/टी/24-25/36

### आवंटित दुकान के दुकानदारों के किराया जमा नहीं करने पर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी गंभीर

# लंबे समय से किराया नहीं देने वाले दुकानदारों का आवंटन होगा रद्द

**राजस्व वसूली एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शब्बीर अहमद ने गुरुवार को राजस्व वसूली एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। प्रखंडवार राजस्व वसूली की समीक्षा के क्रम में जिला परिषद के दुकानों के आवंटियों द्वारा लंबे समय से किराया जमा नहीं करने को गंभीरता से लिया। कहा कि समय पर किराया जमा नहीं करना गंभीर बात है। इससे सरकारी राजस्व की हानि हो रही है। उन्होंने लंबे समय से किराया जमा नहीं करने वाले आवंटियों को अंतिम रूप से नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। इसके बावजूद बकायेदारों द्वारा किराया जमा नहीं करने पर बकायेदारों का आवंटन रद्द करने और उनकी दुकानें सील करने की कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इसके अतिरिक्त बकाया वसूली के लिए आवंटियों के विरुद्ध नीलाम पत्र वाद दायर करने की कार्रवाई करने का भी निर्णय लिया गया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने समीक्षा के क्रम में पाया कि कई दुकानों के आवंटियों द्वारा लंबे समय से किराया जमा नहीं किया जा रहा है। ऐसे बकायेदारों को चिन्हित किया गया है। समीक्षा के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि बकायेदारों को पूर्व में कई बार नोटिस भेजकर बकाया राशि जमा करने के लिए निर्देशित भी किया गया है। इसके बावजूद बकाया राशि को जमा नहीं किया गया।



अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शब्बीर हुसैन।

## प्रगति की समीक्षा

आंगनवाड़ी केंद्र भवन निर्माण की समीक्षा में पाया गया कि जिले में 280 आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें से लगभग 100 केंद्र भूमि विवाद के कारण लंबित है। इस संदर्भ में संबंधित सीओ से फोन पर चर्चा कर समस्या के शीघ्र समाधान का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, भूमि विवादों के त्वरित समाधान के लिए सीओ, समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता के साथ एक विशेष बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा पंचायत भवन, स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन और 15वें वित्त आयोग मद से संचालित योजनाओं एवं अन्य लंबित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में जिला अभियंता, सभी सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं जिला परिषद के कर्मी मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी भवन और डोभा निर्माण में अनियमितता उजागर

**मनरेगा लोकपाल की योजनाओं की जांच में खुलासा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नौडीहा बाजार/पलामू।** जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड के विशुनपुर पंचायत अंतर्गत बरवहीया ग्राम में गुरुवार को बैठक कर मनरेगा लोकपाल ने योजनाओं की जांच की। इस दौरान लोकपाल ने आंगनबाड़ी भवन निर्माण में अनियमितता पाई। यह भवन प्राथमिक विद्यालय के समीप बनाया जा रहा था, लेकिन तीन वर्षों से अधूरा पड़ा है। लोकपाल की जांच में यह सामने आया कि भवन निर्माण के लिए लगभग पांच लाख रुपये रुपए की निकासी हो चुकी है, जिसमें सीमेंट से लेकर एशियन पेंट तक की राशि शामिल है, जबकि भवन अब तक पूरा नहीं हुआ है। इसके अलावा लोकपाल ने विशुनपुर पंचायत क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत संचालित डोभा निर्माण कार्यों की भी जांच की। जहां अनियमितताएं पाई गईं। लोकपाल ने बताया कि पंचायत में इस दिन 49 योजनाओं में 479 मजदूर कार्यरत बताए गए, लेकिन जांच के दौरान मौके पर कोई भी मजदूर कार्य करता नहीं मिला। इससे मनरेगा कार्यों में गड़बड़ी की आशंका जाहिर की जा रही है। जांच के दौरान ग्रामीणों ने भी इन अधूरे निर्माण कार्यों पर सवाल उठाए और संबंधित अधिकारियों से जल्द कार्रवाई की मांग की। लोकपाल ने आश्वासन दिया कि इस मामले की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपकर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



# अजाप्टा शिक्षकों ने हुसैनाबाद विधायक से मिल एमएसीपी के लिए लगायी गुहार

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अजाप्टा शिक्षकों ने हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव से गुरुवार को पुरंदर बिगहा स्थित आवास पर जाकर मुलाकात की और बजट सत्र के पूर्व वृत्ति उन्नयन एमएसीपी के लिए गुहार लगाई। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी व सचिव निर्मल कुमार ने कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव द्वारा एकीकृत बिहार में 1994 में नियुक्त हुए हैं। पर विभागीय नियमों के आलोक में समय पर प्रोन्नति नहीं मिल पाती है। प्रोन्नति मिलती भी है तो बहुतेरे शिक्षक वंचित रह जातें हैं। अभी तक बिहार के नियमावली ही झारखंड में प्रभावी है। लगभग दो-तीन वर्षों पहले बिहार में सभी कोटि के शिक्षकों को एमएसीपी मिल गयी है। अब झारखंड में भी सभी विभागों व कल्याण विभाग पोषित विद्यालयों में शिक्षकों को मिल रहा है। अजाप्टा के प्रदेश इकाई के आह्वान पर कई चरणों का आंदोलन भी किया गया है। शिक्षक नेताओं ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार में राजद प्रमुख सहयोगी है इसलिए शिक्षकों की काफी उम्मीदें हैं। इस पर विधायक ने आश्वासन देते हुए कहा कि विधानसभा में इस मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठायेंगे।



# दिल्ली में महिला मुख्यमंत्री बनना महिलाओं का सम्मानः अरुणा शंकर

**- सतबरवा में गायत्री महायज्ञ की हुई शुरूआत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सतबरवा में 24 कुंडय गायत्री महायज्ञ सह पुस्तक मेला का शुभारंभ गुरुवार को प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सैकड़ो महिलाओं के साथ झंडोतोलन एवं कलश यात्रा का शुभारंभ करके किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश में हम हिंदुओं को इस तरह के आयोजन से शांति और शक्ति मिलती है। आज हम महिलाओं के लिए काफी गौरव का दिन है। क्योंकि देश की राजधानी दिल्ली में रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। जिन्होंने पार्षद से राजनीतिक जीवन की शुरूआत कर मुख्यमंत्री तक का सफर तय किया। अरुणा शंकर ने कहा कि अब देश में आधी आबादी हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। यह महिलाओं के लिए गौरव की बात है। उधर, कलश यात्रा के दौरान कई बुजुर्गों एवं माताओं ने प्रथम महापौर को आशीर्वाद दिया। इस पर अरुणा शंकर ने कहा कि सतबरवा में मिला प्यार मुझे हमेशा अपनी ओर आकर्षित करता है। मैं हर सुख दुख में यहां शामिल होना चाहती हूं। इस मौके पर संजय कुमार, उपाध्यक्ष विनोद चौधरी, सचिव सत्यनारायण मेहता, सह सचिव सुरेश सिंह, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार, सुभाष प्रसाद एवं मीडिया प्रभारी श्याम बिहारी आदि मौजूद थे।



## पलामू चेंबर की महिला शाखा का जश्न आज

**एक होटल में पलामू चेंबर की महिला शाखा की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर दिल्ली में महिला मुख्यमंत्री बनाए जाने पर महिलाओं द्वारा केक काटकर खुशी मनायी जाएगी। साथी ही चेंबर महिला शाखा द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन पर डिबेट का आयोजन होगा।**

# शराब दुकान के कर्मी पर 16.97 लाख के गबन की प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** केएस मल्टीफैसिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की हुसैनाबाद के जेपी चौक स्थित शराब दुकान में कार्यरत दुकान प्रभारी रोहित प्रजापति पर शराब बिक्री कर सरकारी राजस्व का 16 लाख 97 हजार 822 रुपये गबन कर फरार होने का आरोप लगा है। इस संबंध में कंपनी के फील्ड ऑफिसर निरमेंद्र गुप्ता ने सरकारी शराब दुकान में कार्यरत पिपरा थाना के मधुबना गांव निवासी शराब दुकान प्रभारी रोहित प्रजापति के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर 16.97 लाख रुपए लेकर फरार होने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि 14 अक्टूबर 2024 से दुकान प्रभारी के पद पर वह कार्यरत था। पर 17 फरवरी को क्षेत्र प्रवेक्षक द्वारा जांच करने पर 16 लाख 97 हजार 822 रुपये कम मिला। आवेदन में रोहित प्रजापति के विरुद्ध कानूनी सुसंगत धाराओं में कानूनी कार्रवाई कर सरकारी शराब दुकान का पैसा दिलाने का आग्रह किया गया है। फील्ड ऑफिसर ने आवेदन की प्रति डीसी, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, उत्पाद विभाग के अधीक्षक को भी दिया है। उधर, हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू चौधरी ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## पलामू में रोजगार मेला आज, 1100 पदों पर होगी बहाली

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए जिला नियोजनालय के तत्वाधान में शुक्रवार को रोजगार मेला का आयोजन हहोने जा रहा है। एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला सुबह 10 बजे से अपराह्न बजे तक डाल्टनगंज शहर के रेड़मा समीप श्रम नियोजनालय स्थित मैदान में आयोजित होगा। इसमें कुल 1,108 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस रोजगार मेला में झारखंड राज्य के किसी भी जिले से बेरोजगार युवक-युवती भाग ले सकते हैं। जिसमें राज्य के अलावा अन्य राज्यों नियोजकों द्वारा विभिन्न प्रकार की रिक्त पद पर भर्ती होगी। जिला नियोजनालय पदाधिकारी धनंजय कुमार ने बताया कि शुक्रवार को पलामू जिले में रोजगार मेला लगना है। जिसमें नॉन मैट्रिक से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट बेरोजगार युवक-युवतियों की भर्ती की जाएगी। जिसके लिए अलग-अलग जगह से कंपनी की ओर से अलग-अलग पदों पर भर्ती होगी? इस रोजगार मेला में उम्मीदवारों के योग्यता, अनुभव की जांच एवं साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा। चयनित उम्मीदवार को सात से 45 हजार रुपये तक प्रति माह वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेला में भाग लेने वाले बेरोगार युवक-युवतियों को जिला के नियोजनालय में निबंधन कराना जरूरी होगा। जो उम्मीदवार निबंधित नहीं है वो इस मेले में भाग नहीं ले सकेंगे। रोजगार मेला में भाग लेने के लिए नियोजनालय में निबंधित कराना आवश्यक है। जो उम्मीदवार निबंधन नहीं कराए है वो विभाग के ऑफिशल वेबसाइट *डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.झारनियोजन.झारखंड.जीओवी* पर जाकर निबंधन करा सकते है।

# पीएम आवास योजना शहरी के योग्य लाभुक ऑनलाइन करें आवेदनः शशि

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत लाभार्थी व्यक्तिगत आवास निर्माण के लिए हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र जमा लिया जा रहा है। इस संबंध में हुसैनाबाद नगर पंचायत के पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार और पूर्व नपं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि वैसे लाभुक जो विभिन्न कारणों से पीएम आवास योजना के लाभ से वंचित रह गये हैं। वे दस्तावेज के साथ ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने पंचायत क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि योग्य लाभुक आवश्यक दस्तावेज के साथ यथाशीघ्र ऑनलाइन आवेदन कर पीएम आवास योजना का लाभ लें। इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी तर्निश कुमार हंस ने बताया कि योग्य लाभुक के परिवार में किसी भी सदस्य का पूरे दश में कहीं भी पक्का मकान नहीं होना चाहिए। इस योजना के अंतर्गत लाभुक के परिवार में पति-पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे, लाभार्थी को पूर्व में किसी भी अन्य आवास योजना का लाभ प्राप्त ना मिला हो, लाभुक मिशन के विभिन्न घटकों में से एक घटक का ही लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र के साथ मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति (पति एवं पत्नी), आधार कार्ड की छायाप्रति (पति एवं पत्नी), बैंक पासबुक की छायाप्रति, आय प्रमाण पत्र, देश में कहीं भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ पत्र, लाभुक का मोबाईल आधार कार्ड से लिंक हो, भू-स्वामित्व पत्र, घर के साथ पारिवारिक फोटो के साथ ऑनलाइन आवेदन करें।



# सात एकड़ में फैली अफीम की अवैध खेती को नौडीह बाजार की पुलिस ने किया नष्ट

**नौडीहा बाजार/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के नौडीहा बाजार थाना अंतर्गत कऊवल एवं रत्नाग गांव के वन भूमि में लगे लगभग सात एकड़ में अवैध अफीम की खेती को नौडीहा बाजार पुलिस एवं कुहकूह कला पिकेट की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर ट्रैक्टर से नष्ट कर दिया। पुलिस ने चेताते हुए कहा कि अफीम की अवैध खेती व गलत कामों से लोग दूरी बना लें। अन्यथा कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहे। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई आगे बी जारी रहेगी।




# वाराणसी से लौट रहे बुजुर्ग की नदी में नहाने के दौरान डूबने से हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी से लौट रहे छत्तीसगढ़ के एक श्रद्धालु की नदी में डूबने से मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान रामचंद्र सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग रामचंद्र सिंह छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज के छतरपुर से प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए अपने परिजनों के साथ गए थे। सभी एक साथ वहां स्नान किए और वाराणसी चले गए। इस दौरान रामचंद्र सिंह अपने परिजनों से बिछड़ गए और उन्होंने नगर उंटारी के लिए रेलवे का टिकट लिया और ट्रेन में सवार हो गए। लेकिन गलती से नगर उंटारी की जगह उतारी रोड़ में उतर गये। इसके बाद रामचंद्र सिंह उंटारी रोड़ थाना क्षेत्र के पांडेयपुरा के बाकी नदी में स्नान करने चले गए। वहीं नहाने के दौरान गहरायी में चले जाने से डूबने से उनकी मौत हो गई। उंटारी रोड़ पुलिस ने शव को नदी से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भेज दिया है। रामचंद्र सिंह के पास से वाराणसी से नगर उंटारी रेलवे स्टेशन का टिकट भी बरामद हुआ है। नगर उंटारी गढ़वा में है, जबकि बुजुर्ग गलती से पलामू के उंटारी रोड रेलवे स्टेशन उतर गए थे। स्थानीय ग्रामीणों ने डूबने की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद उंटारी रोड की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दे दी। उसके बाद परिजन मौके पर पहुंच गए। उंटारी रोड थाना प्रभारी ने बताया कि बुजुर्ग वाराणसी में अपनी पत्नी और बेटे से बिछड़ गये थे। बाद में वह उंटारी रोड रेलवे स्टेशन पर उतर गए थे और नहाने के क्रम में नदी में डूब गए।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता रथ को डीडीसी ने किया रवाना

# बेटियां किसी से कम नहीं : नीता चौहान

**हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत कर किया गया जागरूक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को डीडीसी शब्बीर अहमद ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। इस अवसर पर डीआरडीए निदेशक रतन कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, एनडीसी विक्रम कुमार आदि मौजूद थे। इस अवसर पर सभी ने हस्ताक्षर कर जागरूकता संदेश दिया। हस्ताक्षर के माध्यम से बालिका जन्म पर खुशी मनाने, लिंग भेद को समाप्त करने, बालिका का स्कूल में दाखिला करवाने और उसकी पढ़ाई निरंतर जारी रखने, बाल विवाह और दहेज कुप्रथा का विरोध करने, अपने आसपास की महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित, हिंसा मुक्त रखने के साथ ही महिलाओं-बालिकाओं को संपति में समान अधिकार देने का संकल्प दोहराया। वहीं, डीडीसी शब्बीर अहमद ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत जागरूकता रथ को रवाना करने और हस्ताक्षर अंकित कर जागरूकता संदेश देने का मुख्य उद्देश्य बाल लिंगानुपात में सुधार लाना एवं बालिकाओं के प्रति लोगों की मानसिकता में परिवर्तन लाना है। बेटियों के प्रति समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना और उन्हें शिक्षा का अवसर प्रदान करना है, ताकि बालिकाओं का संरक्षण हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बेटियां-महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। वे मेडिकल, इंजीनियरिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में अद्भुत प्रदर्शन कर रही हैं। यह रथ विभिन्न प्रखंडों में जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगा। वहीं उन्हें बेटियों को शिक्षा देने के लिए प्रेरित भी करेगा। वहीं, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि यह जागरूकता कार्यक्रम 22 जनवरी से चल रहा है। यह कार्यक्रम 8 मार्च तक बच्चियों और महिलाओं को जागरूक करने के लिए चलेगा। बेटियां किसी से कम नहीं है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए हमलोग प्रयत्नशील हैं। सभी विभागों एवं समाजसेवी संस्थाओं के साथ समन्वय से बाल विवाह की रोकथाम सहित बेटियों के संरक्षण के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पलामू की पुलिस अधीक्षक एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी महिला सशक्तिकरण का एक बड़ा उदाहरण हैं। परिवार के निरंतर समर्थन से वे इस मुकाम तक पहुंची हैं। उन्होंने प्रत्येक महिलाओं से आह्वान किया कि जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए। अपनी शक्ति एवं सकारात्मक सोच से समाज में आमूल-चूल परिवर्तन लाने की दिशा में कार्य करते रहें।




# बेरमो में मतदाता सूची सुधार को लेकर बैठक




आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार के निर्देश पर प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को फुसरो नगर परिषद, (वर्ग ख) मतदाता सूची विखंडीकरण संबंधित बैठक की गयी। जिसमें विधानसभा के मतदान केंद्र संख्या 79 से 142 (शहरी क्षेत्र), बीएलओ एवं प्रतिनियुक्त शिक्षकों ने भाग लिया। इसमें मुख्य रूप से प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी सह प्रशिक्षणकर्ता मिथिलेश कुमार पांडेय, प्रशिक्षणकर्ता सोनुकांत वर्मा और उमेश महतो मौजूद रहे। बैठक में विखंडीकरण के दौरान नगर परिषद फुसरो अंतर्गत 65 मतदान केंद्रों के मतदाता सूची तैयार कर सात मार्च से पहले पूर्व आधार पत्रक में भरकर कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सूचिता कुमारी, कल्याणजी तिवारी, अशोक रजक, अर्जुन सिन्हा, कौशलेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, श्रवण कुमार, राजेश कुमार, भ्रमरजी चौधरी आदि ने भाग लिया।

